Raj Express (Indore), 28th May 2026, Page-04

आगमन **राजवाड़ा से महाकाल तक युवा करेंगे भ्रमण, आईआईटी इंदौर बना मेजबान**

युवा संगमः झारखंड के युवा जान रहे मप्र का मिजाज

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को जमीन पर उतारते हुए बुधवार को आईआईटी इंदौर में युवा संगम चरण-6 का उत्साह भरा आगाज हुआ। झारखंड से आए 37 युवा प्रतिनिधियों के दल का आईआईटी इंदौर परिसर में पुष्पमाला और ढोल की थाप पर पारंपरिक स्वागत किया गया। भारत सरकार की इस पहल के तहत मध्य प्रदेश और झारखंड को साझेदार राज्य बनाया गया है। इस दौरान झारखंड से आए युवा मप्र का मिजाज जानेंगे और संस्कृति से विकास तक को समझेंगे।

24 पुरुष, 13 महिला प्रतिनिधिः आईआईटी धनबाद झारखंड के लिए नोडल संस्थान है, जबकि आईआईटी इंदौर मप्र के लिए आयोजक की भूमिका निभा रहा है। झारखंड से आए दल में 24 पुरुष और 13 महिला युवा प्रतिनिधि शामिल हैं। साथ में समन्वयक भी मौजूद रहे। पहले दिन परिचयात्मक सत्र के बाद गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य परामर्श सत्र भी रखा गया। इसके बाद प्रतिनिधियों ने इंदौर की विरासत और विकास को करीब से देखा। आईएमसी के रीसायकल सेंटर से लेकर इंद्र भवन, 56 दुकान की चाट, लाल बाग, राजवाड़ा और लाइट शो तक का भ्रमण किया। आने वाले दिनों में दल महेश्वर के घाट, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र और महाकाल की नगरी उज्जैन का दौरा करेगा।

राज्यपाल से मिलेंगे

प्रतिनिधियों की मुलाकात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी प्रस्तावित है। युवा संगम का मकसद राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम युवाओं को अलग-अलग परंपराओं, भाषाओं और विकास मॉडल से रूबरू कराता है। आईआईटी इंदौर पूरे भ्रमण का समन्वय कर रहा है। कार्यक्रम डॉ. मृगेन्द्र दुबे, कार्यवाहक संयोजक, ईबीएसबी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।